# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

*आदेश सं०– SHSB/GA/HR/8153/2024/...............* *पटना, दिनांक :........................*

**आदेश**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत विज्ञापन संख्या 07/2025 के तहत नेत्र सहायक (Ophthalmic Assistant) के 220 संविदागत पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को कार्यालय आदेश ज्ञापांक 780 दिनांक 13.05.2026 के द्वारा विभिन्न जिलों के स्वास्थ्य संस्थान में पदस्थापित किया गया है एवं विज्ञापन संख्या 01/2026 के तहत विशेषज्ञ चिकित्सक यथा Ophthalmologist, Psychiatrist, Dermatologist, ENT Surgeon एवं Anaesthetist के 256 संविदागत पदों पर अभ्यर्थियों के चयनोपरान्त क्रमशः पदस्थापन आदेश ज्ञापांक 777, 776, 779, 778 एवं 775 दिनांक 13.05.2026 के द्वारा रिक्ति वाले जिलों के स्वास्थ्य संस्थान में पदस्थापित किया गया है।

उक्त दोनों आदेश के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को दिनांक 25.05.2026 तक योगदान एवं एकरारनामा करने हेतु निदेशित किया गया है। कुछ नवपदस्थापित अभ्यर्थियों द्वारा उक्त निर्धारित तिथि तक योगदान नहीं किया गया है तथा वयक्तिगत कारणों से योगदान की तिथि विस्तारित करने हेतु अनुरोध आवेदन समर्पित किया गया है।

अतः वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा योगदान की निर्धारित अंतिम तिथि तक योगदान नहीं दिया गया है, को सम्यक विचारोपरान्त एक अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 04.07.2026 तक बाण्ड एवं एकरारनामा सम्पन्न करने की तिथि विस्तारित की जाती है।

संबंधित पदस्थापन आदेशों को समिति की अधिकृत वेबसाईट– shs.bihar.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड कर व्यवहार में लाया जा सकता है।

ह०/–

**(अमित कुमार पाण्डेय)**

***ज्ञापांक– SHSB/GA/HR/8153/2024/*1753 *दिनांक–* 26 */06/2026***

**प्रतिलिपिः** सभी जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति को सूचनार्थ प्रेषित ।

**प्रतिलिपिः** प्रशासी पदाधिकारी–सह–प्रभारी, मा०सं०/अपर निदेशक, वित्त, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** सभी सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

**प्रतिलिपिः** संबंधित अभ्यर्थी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

26/6/26

**कार्यपालक निदेशक**